भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 3338

गुरूवार, 31 मार्च, 2022/10 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**मेघालय में कांगथांग में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना**

**3338. श्री राकेश सिन्हाः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार मेघालय में कांगथांग के पर्यटन स्वरूप को सुदृढ़ करने और इस स्थान को पर्यटकों के अनुकूल बनाने के लिए कदम उठाएगी क्योंकि यह देश का एकमात्र गांव है जहां लोग आपस में सीटी बजाकर बात करते हैं और इसमें एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनने की क्षमता है;

(ख) क्या सरकार इसके प्राकृतिक स्थलों का उपयोग करेगी और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी; और

(ग) क्या सरकार स्वदेशी संस्कृति, लोगों, भाषा और पारिस्थितिकी के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इसके अत्यधिक आकर्षक होने और प्राकृतिक सैंदर्य से सराबोर होने के कारण पर्यटकों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगी?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय को 'स्वदेश दर्शन' तथा तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) नामक अपनी प्रमुख योजनाओं के तहत मेघालय में कांगथांग के विकास के लिए मेघालय राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है । पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी एवं जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के लिए अब स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने मेघालय राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 2 परियोजनाओं और प्रशाद योजना के तहत 1 परियोजना को स्वीकृति दी है जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

**अनुबंध**

मेघालय में कांगथांग में पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के संबंध में दिनांक 31.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3338 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत मेघालय में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

करोड़ रु. में

| क्र. सं. | थीम/स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| स्वदेश दर्शन | | | |
| 1 | पूर्वोत्तर परिपथ/ 2016-17 | उमियाम (लेक व्यू), यूलुम सोहपेटबेंग – मऊडियाँगडियाँग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 2 | पूर्वोत्तर परिपथ/ 2018-19 | पश्चिम खासी पहाड़ियों का विकास (नोंगख्लाव-क्रैमटिरोट - खुडोई और कोहमंगफॉल्स - खारी नदी-मावतद्रिशान, शिलॉन्ग), जयंतिया हिल्स (क्रंगसुरी फॉल्स- शिरमांग – लूकसी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) | 84.97 |
| प्रशाद | | | |
| 1 | 2020-21 | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 29.32 |

*****